विषय कोड :
Subject Code : **220**

प्रश्न पुस्तिका क्रमांक
Question Booklet Serial No. 726-

# INTERMEDIATE EXAMINATION - 2025

# इन्टरमीडिएट परीक्षा - 2025

**( ANNUAL / वार्षिक )**

प्रश्न पुस्तिका सेट कोड
Question Booklet Set Code

**J**

# ACCOUNTANCY (ELECTIVE)

# लेखाशास्त्र (ऐच्छिक)

## I. Com.

कुल प्रश्न : 100 + 30 + 8 = 138
**Total Questions : 100 + 30 + 8 = 138**

कुल मुद्रित पृष्ठ : 32
**Total Printed Pages : 32**

(समय : 3 घंटे 15 मिनट)
[ Time : 3 Hours 15 Minutes ]

(पूर्णांक : 100)
[ Full Marks : 100 ]

***परीक्षार्थियों के लिये निर्देश :***

1. *परीक्षार्थी OMR उत्तर-पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक (10 अंकों का) अवश्य लिखें।*
2. *परीक्षार्थी यथासम्भव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।*
3. *दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।*
4. *प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।*

***Instructions for the candidates :***

1. ***Candidate must enter his / her Question Booklet Serial No. (10 Digits) in the OMR Answer Sheet.***
2. *Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.*
3. *Figures in the right hand margin indicate full marks.*
4. *15 minutes of extra time have been allotted for the candidates to read the questions carefully.*

## खण्ड - अ / SECTION - A

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न / Objective Type Questions

***प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं जिनमें से एक सही है। किन्हीं 50 प्रश्नों के उत्तर दें। अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR शीट पर चिह्नित करें।***
**$50 \times 1 = 50$**

*Question Nos. 1 to 100 have four options, out of which only one is correct. Answer any 50 questions. You have to mark your selected correct option on the OMR Sheet.*
$50 \times 1 = 50$

1. साझेदारी संलेख के अभाव में, साझेदार हकदार नहीं है

   (A) वेतन पाने के (B) कमीशन पाने के

   (C) पूँजी पर ब्याज पाने के (D) इनमें से सभी

   In the absence of partnership deed, partners are not entitled to get

   (A) Salaries (B) Commission

   (C) Interest on capital (D) All of these

2. एक नया साझेदार अपनी ख्याति के बदले लाता है

   (A) नकद (B) पूँजी

   (C) (A) और (B) दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

   A new partner brings for his share of Goodwill

   (A) Cash (B) Capital

   (C) Both (A) and (B) (D) None of these

3. निम्नलिखित में से कौन-सा ख्याति की प्रकृति है ?

   (A) चूहे सी ख्याति (B) बिल्ली सी ख्याति

   (C) कुत्ते सी ख्याति (D) इनमें से सभी

   Which of the following is a nature of goodwill ?

   (A) Rat goodwill (B) Cat goodwill

   (C) Dog goodwill (D) All of these

4. अधिलाभ आधार के अन्तर्गत ख्याति की गणना की जाती है

   (A) क्रय वर्ष × औसत लाभ (B) क्रय वर्ष × अधिलाभ

   (C) क्रय वर्ष ÷ औसत लाभ (D) इनमें से कोई नहीं

J

Under superprofit basis goodwill is calculated by

(A) Purchase year × Average profit

(B) Purchase year × Superprofit

(C) Purchase year ÷ Average profit

(D) None of these

5. ख्याति को प्रभावित करने वाला घटक है

(A) अनुकूल स्थान (B) वांछित पूँजी

(C) प्रबंध कुशलता (D) इनमें से सभी

Factor(s) that affect(s) goodwill is/are

(A) Favourable location

(B) Capital required

(C) Efficiency of management

(D) All of these

6. अधिलाभ से आप क्या समझते हैं ?

(A) कुल लाभ ÷ वर्षों की संख्या

(B) औसत लाभ – सामान्य लाभ

(C) भारित लाभ ÷ क्रय वर्षों की संख्या

(D) इनमें से कोई नहीं

What do you understand by superprofit ?

(A) Total profit ÷ No. of years

(B) Average profit – Normal profit

(C) Weighted profit ÷ No. of years purchase

(D) None of these

7. सामान्य संचय लेखा हमेशा दर्शाता है

(A) डेबिट शेष (B) क्रेडिट शेष

(C) (A) और (B) दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

General Reserve Account always shows

(A) Debit Balance (B) Credit Balance

(C) Both (A) and (B) (D) None of these

8. पुनर्मूल्यांकन खाता है

(A) व्यक्तिगत खाता (B) वास्तविक खाता

(C) नाममात्र खाता (D) इनमें से कोई नहीं

Revaluation Account is a

(A) Personal A/c (B) Real A/c

(C) Nominal A/c (D) None of these

9. पुनर्मूल्यांकन खाते में क्रेडिट पक्ष का डेबिट पक्ष पर आधिक्य कहलाता है

(A) लाभ (B) हानि

(C) प्राप्ति (D) व्यय

Excess of credit side over the debit side in Revaluation Account is called

(A) Profit (B) Loss

(C) Receipt (D) Expense

10. तीन साझेदारों का बराबर लाभ अनुपात है

(A) $\frac{1}{2}:\frac{1}{3}:\frac{1}{6}$ (B) $\frac{4}{9}:\frac{1}{3}:\frac{2}{9}$

(C) $\frac{1}{3}:\frac{1}{3}:\frac{1}{3}$ (D) $\frac{1}{2}:\frac{1}{4}:\frac{1}{4}$

Equal profit ratio of three partners is

(A) $\frac{1}{2}:\frac{1}{3}:\frac{1}{6}$ (B) $\frac{4}{9}:\frac{1}{3}:\frac{2}{9}$

(C) $\frac{1}{3}:\frac{1}{3}:\frac{1}{3}$ (D) $\frac{1}{2}:\frac{1}{4}:\frac{1}{4}$

11. कम्पनी (अंश पूँजी एवं ऋणपत्र) नियम, 2014 के अनुसार, ऋणपत्रों के शोधन के पूर्व ऋणपत्रों की राशि का कितने प्रतिशत से ऋणपत्र शोधन कोष का निर्माण करना होगा ?

(A) 25% (B) 50%

(C) 100% (D) शून्य

According to Companies (Share capital and Debenture) Rules, 2014 by which percentage of the amount of debentures will have to create Debenture Redemption Reserve, before the commencement of redemption of debentures ?

(A) 25% (B) 50%

(C) 100% (D) Zero

12. दीप लिमिटेड ने प्रत्येक 100 रु० के 10,00,000, 7% ऋणपत्रों को 4% की कटौती पर जारी किया जो 5 वर्षों के बाद 6% के अधिमूल्य पर शोधनीय है। ऋणपत्र के निर्गमन पर हानि है

(A) 10,00,000 रु० (B) 6,00,000 रु०

(C) 4,00,000 रु० (D) इनमें से कोई नहीं

Deep Ltd. issued 10,00,000, 7% debentures of Rs. 100 each at a discount of 4%, redeemable after 5 years at a premium of 6%. Loss on the issue of debenture is

(A) Rs. 10,00,000 (B) Rs. 6,00,000

(C) Rs. 4,00,000 (D) None of these

13. ऋणपत्रों के शोधन के पश्चात् 'सिंकिंग फण्ड खाता' का शेष अन्तरित किया जाता है

(A) लाभ-हानि विवरण में (B) सामान्य संचय खाते में

(C) सिंकिंग फण्ड खाते में (D) इनमें से कोई नहीं

The balance of 'Sinking Fund Account' after the redemption of debentures is transferred to

(A) Profit & Loss Statement (B) General Reserve A/c

(C) Sinking Fund A/c (D) None of these

14. जब ऋणपत्र को सममूल्य पर जारी किया जाता है और प्रीमियम पर शोधन किया जाता है तब इस प्रकार के निर्गमन पर हानि किस खाते के नाम पक्ष में दर्शाते हैं ?

(A) लाभ व हानि विवरण (B) ऋणपत्र आवेदन व आवंटन खाता

(C) ऋणपत्र निर्गमन पर हानि खाता (D) शोधन पर प्रीमियम खाता

When debentures are issued at par and are redeemable at a premium, the loss on such an issue is debited to

(A) Profit & Loss Statement

(B) Debenture Application & Allotment A/c

(C) Loss on Issue of Debenture A/c

(D) Premium on Redemption A/c

15. ऋणपत्र शोधन की विधियाँ हैं

(A) परिवर्तन द्वारा शोधन (B) किस्तों में शोधन

(C) एकमुश्त भुगतान विधि (D) इनमें से सभी

Method(s) of redemption of debenture is/are

(A) Redemption by conversion

(B) Redemption on instalments

(C) Lumpsum payment method

(D) All of these

16. विपणन योग्य प्रतिभूतियों की बिक्री को दिखाया जाएगा

(A) संचालन क्रियाओं में (B) वित्तीय क्रियाओं में

(C) निवेश क्रियाओं में (D) रोकड़ व रोकड़ समतुल्य में

Sale of marketable securities will be shown under

(A) Operating activities (B) Financing activities

(C) Investing activities (D) Cash & cash equivalent

17. कर के लिए प्रावधान है

(A) चालू दायित्व (B) आंतरिक संचय

(C) (A) और (B) दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

Provision for Tax is

(A) Current liabilities (B) Internal reserve

(C) Both (A) and (B) (D) None of these

18. कंपनी का वार्षिक रिपोर्ट निर्गत किया जाता है

(A) संचालकों के लिए (B) प्रबंधन के लिए

(C) अंशधारियों के लिए (D) अंकेक्षकों के लिए

An annual report is issued by a company for

(A) Directors (B) Management

(C) Shareholders (D) Auditors

19. वित्तीय विवरण होते हैं

(A) प्रत्याशित तथ्य (B) अभिलेखित तथ्य

(C) अनुमानित तथ्य (D) इनमें से कोई नहीं

Financial Statement is

(A) Anticipated fact (B) Recorded fact

(C) Estimated fact (D) None of these

20. पेटेन्ट्स व कॉपीराइट्स किस श्रेणी के अन्तर्गत आते हैं ?
    (A) चालू सम्पत्तियाँ (B) तरल सम्पत्तियाँ
    (C) अमूर्त सम्पत्तियाँ (D) इनमें से सभी

    Patents and copyrights fall under which category ?
    (A) Current Assets (B) Liquid Assets
    (C) Intangible Assets (D) All of these

21. एक साझेदार की मृत्यु होने पर सभी साझेदारों के लिए ली गई संयुक्त जीवन बीमा पॉलिसी के लिए फर्म पाती है
    (A) पॉलिसी की राशि (B) समर्पण मूल्य
    (C) मृतक साझेदार की पॉलिसी राशि (D) सभी साझेदारों का समर्पण मूल्य

    On death of a partner, the firm gets for joint life policy taken for all partners is
    (A) Policy amount
    (B) Surrender value
    (C) Policy amount of deceased partner
    (D) Surrender value of all partners

22. साझेदार की मृत्यु पर अंतिम भुगतान होता है
    (A) पूँजी खाता से (B) निष्पादक खाता से
    (C) (A) और (B) दोनों (D) ऋण खाता से

    On the death of a partner, final payment is made through
    (A) Capital A/c (B) Executor's A/c
    (C) Both (A) and (B) (D) Loan A/c

23. साझेदार के उत्तराधिकारी का खाता कब खोला जाता है ?
    (A) साझेदार के अवकाश पर (B) साझेदार की मृत्यु पर
    (C) साझेदार के प्रवेश पर (D) इनमें से कोई नहीं

    When is the partner's executor account opened ?
    (A) On retirement of partner
    (B) On death of partner
    (C) On admission of partner
    (D) None of these

24. कानूनी व्ययों को वसूली खाते के किस पक्ष में लिखा जाता है ?

(A) डेबिट (B) क्रेडिट

(C) दायित्व (D) सम्पत्ति

Legal expenses are recorded in which side of Realisation A/c ?

(A) Debit (B) Credit

(C) Liabilities (D) Assets

25. फर्म के विघटन के समय सम्पत्तियों का पुस्तकीय मूल्य वसूली खाते के किस पक्ष में लिखा जाता है ?

(A) डेबिट (B) क्रेडिट

(C) दायित्व (D) इनमें से कोई नहीं

At the time of dissolution of firm, book value of assets is recorded in which side of Realisation Account ?

(A) Debit (B) Credit

(C) Liability (D) None of these

26. फर्म के विघटन पर सम्पत्तियों का विक्रय पर वसूल की गयी राशि लिखी जाती है

(A) वसूली खाते में (B) दायित्व खाते में

(C) व्यय खाते में (D) इनमें से कोई नहीं

Amount realised from sales of assets, on dissolution of firm is recorded in

(A) Realisation A/c (B) Liabilities A/c

(C) Expenses A/c (D) None of these

27. जब कोई साझेदार किसी बाह्य दायित्व के भुगतान का दायित्व ले लेता है तो खाता क्रेडिट किया जाएगा

(A) वसूली खाता में (B) रोकड़ खाता में

(C) साझेदार का पूँजी खाता में (D) इनमें से कोई नहीं

When a partner takes responsibility to make payment of any outside liability of the firm, the account credited will be

(A) Realisation A/c (B) Cash A/c

(C) Partner's Capital A/c (D) None of these

**J**

28. गैर-अभिलेखित दायित्वों का भुगतान किया जाता है तो दिखाया जाता है

(A) वसूली खाते के नाम पक्ष में (B) बैंक खाते के नाम पक्ष में

(C) वसूली खाते के जमा पक्ष में (D) बैंक खाते के जमा पक्ष में

Unrecorded liabilities when paid are shown in

(A) Debit side of Realisation A/c

(B) Debit side of Bank A/c

(C) Credit side of Realisation A/c

(D) Credit side of Bank A/c

29. यदि समापन के समय दायित्वों के संबंध में कोई सूचना न दी हो तो

(A) भुगतान नहीं होगा (B) पूर्ण भुगतान होगा

(C) आंशिक भुगतान होगा (D) इनमें से कोई नहीं

If at the time of dissolution nothing is said about liabilities, then

(A) Never paid (B) Fully paid

(C) Partly paid (D) None of these

30. फर्म के विघटन पर साझेदारों के पूँजी खाते बंद किए जाते हैं

(A) वसूली खाते के माध्यम से (B) आहरण खाते के माध्यम से

(C) बैंक खाते के माध्यम से (D) ऋण खाते के माध्यम से

On dissolution of the firm, Partners' Capital Accounts are closed through

(A) Realisation A/c (B) Drawings A/c

(C) Bank A/c (D) Loan A/c

31. 'वित्तीय विवरण' शब्द में सम्मिलित होते हैं

(A) लाभ-हानि विवरण (B) स्थिति विवरण

(C) (A) और (B) दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

The term 'Financial Statement' includes

(A) Statement of Profit and Loss

(B) Balance Sheet

(C) Both (A) and (B)

(D) None of these

J

32. कम्पनी अधिनियम, 2013 के अनुसार आर्थिक चिट्ठे का प्रारूप होता है

(A) समतल (B) लम्बवत्

(C) (A) तथा (B) दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

The form of Balance Sheet as per Companies Act, 2013 is

(A) Horizontal (B) Vertical

(C) Both (A) and (B) (D) None of these

33. स्थाई सम्पत्तियों को दिखाया जाता है

(A) सममूल्य पर (B) लागत मूल्य ह्रास घटाकर

(C) लागत मूल्य पर (D) वसूली मूल्य ह्रास घटाकर

Fixed Assets are shown

(A) At par value

(B) At cost price less depreciation

(C) At cost price

(D) At realisable value less depreciation

34. वित्तीय विवरण में हित रखने वाले पक्ष हैं

(A) प्रबन्धक (B) वित्तीय संस्थाएँ

(C) लेनदार (D) इनमें से सभी

Parties interested in financial statements are

(A) Managers (B) Financial institutions

(C) Creditors (D) All of these

35. जब दो या अधिक संस्थाओं के वित्तीय विवरणों का विश्लेषण किया जाए तो इसे कहा जाता है

(A) आन्तरिक फर्म विश्लेषण (B) अन्तर फर्म विश्लेषण

(C) शीर्ष विश्लेषण (D) इनमें से कोई नहीं

When financial statements of two or more organisations are analysed, it is called

(A) Intra-firm analysis (B) Inter-firm analysis

(C) Vertical analysis (D) None of these

36. वित्तीय विश्लेषण उपयोगी है

(A) विनियोगकर्ताओं के लिए (B) अंशधारियों के लिए

(C) ऋणपत्रधारियों के लिए (D) इनमें से सभी

J

Financial analysis is useful for

(A) Investors (B) Shareholders

(C) Debenture holders (D) All of them

37. प्रवृत्ति प्रतिशत की गणना के लिए किस वर्ष को चुना जा सकता है ?

(A) चालू वर्ष (B) गत वर्ष

(C) आधार वर्ष (D) इनमें से कोई नहीं

Which year can be selected for calculating trend percentage ?

(A) Current year (B) Previous year

(C) Base year (D) None of these

38. विक्रय में से बेचे गए माल की लागत घटाकर ज्ञात की गई राशि होती है

(A) संचालन लाभ (B) सकल लाभ

(C) शुद्ध लाभ (D) कुल लाभ

Sales less cost of goods sold is called

(A) Operating profit (B) Gross profit

(C) Net profit (D) Total profit

39. निम्न में से कौन-सी वित्तीय विवरण के विश्लेषण की विधि नहीं है ?

(A) अनुपात विश्लेषण (B) तुलनात्मक विश्लेषण

(C) प्रवृत्ति विश्लेषण (D) पूँजीकरण विधि

Which of the following is not the method of financial statement analysis ?

(A) Ratio Analysis (B) Comparative Analysis

(C) Trend Analysis (D) Capitalisation Method

40. समान आकार के विवरण प्रायः तैयार किए जाते हैं

(A) अनुपात के रूप में (B) प्रतिशत के रूप में

(C) (A) और (B) दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

Common size financial statements are mostly prepared in the form of

(A) Ratio (B) Percentage

(C) Both (A) and (B) (D) None of these

41. वसीयत को माना जाना चाहिए

(A) दायित्व (B) आयगत प्राप्ति

(C) सम्पत्ति (D) आय

Legacies should be treated as

(A) Liability (B) Revenue Receipt

(C) Asset (D) Income

42. पूँजीगत प्रकृति की सभी प्राप्तियाँ दिखाई जाती हैं

(A) आय एवं व्यय खाते में (B) स्थिति विवरण में

(C) लाभ-हानि खाते में (D) रोकड़ प्रवाह विवरण में

All receipts of capital nature are shown in

(A) Income and Expenditure A/c

(B) Balance Sheet

(C) Profit and Loss A/c

(D) Cash Flow Statement

43. अग्रिम प्राप्त चंदे हैं

(A) सम्पत्ति (B) आय

(C) व्यय (D) दायित्व

Subscription received in advance is

(A) Asset (B) Income

(C) Expense (D) Liability

44. साझेदारी अधिनियम किस वर्ष लागू हुआ ?

(A) 1932 में (B) 1956 में

(C) 1947 में (D) 2013 में

In which year did the Partnership Act come into force ?

(A) 1932 (B) 1956

(C) 1947 (D) 2013

45. फर्म के लिए साझेदार के आहरण पर ब्याज है

(A) व्यय (B) आय

(C) हानि (D) प्राप्ति

For the firm, interest on partner's drawing is a/an

(A) Expenditure (B) Income

(C) Loss (D) Receipt

46. साझेदारी में, साझेदारी अनुबंध बनाना है

(A) अनिवार्य (B) ऐच्छिक

(C) वैकल्पिक (D) इनमें से कोई नहीं

In partnership, preparation of partnership agreement is

(A) Compulsory (B) Voluntary

(C) Optional (D) None of these

47. जब पूँजी स्थिर हो तो साझेदारों का पूँजी खाता दिखाता है

(A) नाम शेष (B) जमा शेष

(C) लाभ (D) हानि

When capital is fixed, the capital accounts of partners show

(A) Debit balance (B) Credit balance

(C) Profit (D) Loss

48. एक साझेदार होने के लिए आवश्यक है

(A) वयस्क होना (B) अवयस्क होना

(C) (A) और (B) दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

To become a partner it is essential to be

(A) Adult (B) Minor

(C) Both (A) and (B) (D) None of these

49. साझेदारी संलेख के अभाव में, साझेदार को

(A) वेतन दिया जाएगा

(B) वेतन नहीं दिया जाएगा

(C) सक्रिय साझेदारों को वेतन दिया जाएगा

(D) इनमें से कोई नहीं

In the absence of partnership deed, partner

(A) shall be paid salaries

(B) shall not be paid salaries

(C) active partner shall be paid salaries

(D) none of these

50. चालू खाते का शेष हो सकता है

(A) सकारात्मक (B) नकारात्मक

(C) शून्य (D) इनमें से सभी

The balance of Current Account can be

(A) Positive (B) Negative

(C) Zero (D) All of these

51. निम्नलिखित मदों में से किसे चालू अनुपात की गणना में ध्यान नहीं दिया जाता है ?

(A) लेनदार (B) देनदार

(C) फर्नीचर (D) बैंक अधिविकर्ष

Which of the following items is not taken into consideration while computing current ratio ?

(A) Creditors (B) Debtors

(C) Furniture (D) Bank overdraft

52. तरल सम्पत्तियों में शामिल है

(A) प्राप्य बिल (B) देनदार

(C) रोकड़ (D) इनमें से सभी

Liquid assets include

(A) Bills Receivable (B) Debtor

(C) Cash (D) All of these

53. एक कम्पनी की मूर्त सम्पत्तियाँ 4,00,000 रु० से बढ़कर 5,00,000 रु० हो गयीं। इसमें कितने प्रतिशत का परिवर्तन हुआ ?

(A) 20% (B) 25%

(C) $33\frac{1}{3}\%$ (D) 50%

Tangible assets of a company are increased from Rs. 4,00,000 to Rs. 5,00,000. What is the percentage of change ?

(A) 20% (B) 25%

(C) $33\frac{1}{3}\%$ (D) 50%

54. संचालन अनुपात है

(A) लाभदायकता अनुपात (B) क्रियाशीलता अनुपात

(C) शोधनक्षमता अनुपात (D) इनमें से कोई नहीं

Operating ratio is

(A) Profitability ratio (B) Activity ratio

(C) Solvency ratio (D) None of these

55. चालू सम्पत्तियों में केवल उन्हीं सम्पत्तियों को सम्मिलित किया जाता है जिनके अन्दर में धन वसूली की संभावना हो

(A) 3 माह के अंदर (B) 6 माह के अंदर

(C) 1 वर्ष के अंदर (D) 2 वर्ष के अंदर

Current assets include only those assets which are expected to be realised within

(A) 3 months (B) 6 months

(C) 1 year (D) 2 years

56. लेनदार आवर्तन अनुपात में शामिल किया जाता है

(A) कुल उधार क्रय (B) कुल उधार बिक्री

(C) कुल नकद बिक्री (D) कुल नकद क्रय

Creditors turnover ratio includes

(A) Total credit purchase (B) Total credit sales

(C) Total cash sales (D) Total cash purchase

57. रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार किया जाता है

(A) आर्थिक चिट्ठा से (B) लाभ-हानि खाता से

(C) अतिरिक्त सूचनाओं से (D) इनमें से सभी

Cash Flow Statement is prepared from

(A) Balance Sheet (B) Profit & Loss A/c

(C) Additional information (D) All of these

58. रोकड़ प्रवाह विवरण बनाते समय 'भवन का नकद क्रय' किस क्रिया के रूप में वर्गीकृत करेंगे ?

(A) संचालन क्रिया (B) वित्तीय क्रिया

(C) निवेश क्रिया (D) इनमें से कोई नहीं

While preparing the Cash Flow Statement, the 'cash purchase of building' will be classified as

(A) Operating activity (B) Financing activity

(C) Investing activity (D) None of these

59. निम्न में से कौन–सा रोकड़ का उपयोग नहीं है ?

(A) देनदारों में वृद्धि (B) लेनदारों में वृद्धि

(C) स्टॉक में वृद्धि (D) पूर्वदत्त व्ययों में वृद्धि

Which of the following is not an application of cash ?

(A) Increase in Debtors

(B) Increase in Creditors

(C) Increase in Stock

(D) Increase in prepaid expenses

60. वित्त संबंधी क्रियाओं से रोकड़ प्रवाह का उदाहरण है

(A) माल का विक्रय

(B) विनियोग का विक्रय

(C) अंशों के निर्गमन से रोकड़ प्राप्तियाँ

(D) प्राप्त ब्याज

An example of cash flow from financing activities is

(A) Sale of goods

(B) Sale of investment

(C) Cash receipt from issue of shares

(D) Interest received

61. कम्पनी का निर्माण होता है

(A) संसद के विशेष अधिनियम द्वारा (B) कम्पनी अधिनियम द्वारा

(C) निवेशकों के समझौते द्वारा (D) (A) और (B) दोनों

A company is incorporated by

(A) A Special Act of Parliament

(B) Companies Act

(C) Agreement of investors

(D) Both (A) and (B)

62. अंशों के निर्गमन पर बट्टा है

(A) पूँजीगत लाभ (B) पूँजीगत हानि

(C) आयगत लाभ (D) आयगत हानि

Discount on issue of share is

(A) Capital gain (B) Capital loss

(C) Revenue gain (D) Revenue loss

63. किसी कम्पनी अपने अंशों को प्रीमियम पर भारतीय कम्पनी अधिनियम, 2013 की किस धारा के अन्तर्गत जारी करती है ?

(A) 78 (B) 52

(C) 53 (D) इनमें से कोई नहीं

A company issues its shares at a premium under which section of Indian Companies Act, 2013 ?

(A) 78 (B) 52

(C) 53 (D) None of these

64. एक कम्पनी में सदस्यों का दायित्व होता है

(A) सीमित (B) असीमित

(C) स्थिर (D) परिवर्तनशील

The liability of members in a company is

(A) Limited (B) Unlimited

(C) Stable (D) Fluctuating

65. सममूल्य से अधिक प्राप्त राशि को किस खाते में क्रेडिट किया जाता है ?

(A) अंश पूँजी खाता (B) याचना पर अग्रिम खाता

(C) प्रतिभूति प्रीमियम खाता (D) अंश जब्ती खाता

The amount received over and above the par value is credited to which account ?

(A) Share Capital A/c (B) Calls-in-advance A/c

(C) Securities Premium A/c (D) Share Forfeiture A/c

66. अंश हरण खाते के शेष को चिट्ठे में प्रदर्शित किया जाता है

(A) अंश पूँजी खाता के अन्तर्गत

(B) चालू दायित्व एवं प्रावधान मद के अन्तर्गत

(C) अरक्षित ऋण के अन्तर्गत

(D) संचय एवं अधिशेष मद के अन्तर्गत

Balance of Share Forfeiture A/c is shown in the Balance Sheet under the item

(A) Share Capital A/c

(B) Current Liabilities and Provision

(C) Unsecured loan

(D) Reserve and Surplus

67. निम्न में से किसे प्रदत्त पूँजी ज्ञात करने के लिए प्रार्थित पूँजी में से घटाया जाना चाहिए ?

(A) अग्रिम याचना (B) बकाया माँग

(C) अंश हरण (D) अधिलाभ

Which of the following should be deducted from the called-up capital to find out paid-up capital ?

(A) Call-in-advance (B) Calls-in-arrear

(C) Share forfeiture (D) Premium

68. स्वेट समता अंश दिये जाते हैं

(A) कर्मचारियों को (B) निदेशकों को

(C) (A) और (B) दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

Sweat equity shares are issued to

(A) Employees (B) Directors

(C) Both (A) and (B) (D) None of them

69. एक कम्पनी द्वारा 10,000 अंश प्रत्येक 10 रु० की दर से 10% अधिलाभ पर जारी किए गए। अधिलाभ की राशि होगी

(A) 10,000 रु० (B) 20,000 रु०

(C) 8,000 रु० (D) 5,000 रु०

A company issued 10,000 shares of Rs. 10 each at a premium of 10%. The amount of premium will be

(A) Rs. 10,000 (B) Rs. 20,000

(C) Rs. 8,000 (D) Rs. 5,000

70. कम्पनी में निश्चित दर से लाभांश किसको दिया जाता है ?

(A) समता अंशधारियों को (B) पूर्वाधिकार अंशधारियों को

(C) ऋणपत्रधारियों को (D) प्रवर्तकों को

To whom is dividend given at a fixed rate in a company ?

(A) Equity shareholders (B) Preference shareholders

(C) Debenture holders (D) Promoters

J

71. निम्नलिखित में से कौन-सा एक पूँजीगत प्राप्ति है ?

(A) चंदा (B) दान

(C) भवन कोष (D) स्थाई जमा पर ब्याज

Which of the following is a capital receipt ?

(A) Subscription

(B) Donation

(C) Building fund

(D) Interest on fixed deposit

72. गैर-लाभकारी संस्थाओं के आधिक्य/कमी को ज्ञात करने के लिए बनाया जाता है

(A) आय-व्यय खाता (B) प्राप्ति एवं भुगतान खाता

(C) लाभ-हानि खाता (D) आय विवरण

The surplus / deficit of not-for-profit organisation is ascertained by

(A) Income & Expenditure A/c

(B) Receipts and Payments A/c

(C) Profit & Loss A/c

(D) Income Statement

73. निम्नलिखित में से कौन-सा एक आगम व्यय है ?

(A) फर्नीचर का क्रय (B) वेतन का भुगतान

(C) भवन का निर्माण (D) मशीन का क्रय

Which of the following is a revenue expenditure ?

(A) Purchase of furniture

(B) Payment of salaries

(C) Construction of building

(D) Purchase of machinery

74. विशेष उद्देश्य से प्राप्त दान को माना जाता है

(A) सम्पत्ति (B) दायित्व

(C) पूँजीगत प्राप्ति (D) व्यय

Donations received for specific purpose are treated as

(A) Asset (B) Liability

(C) Capital receipt (D) Expense

75. नकद और बैंक लेन-देन का सारांश बताता है

(A) नकद खाता (B) बैंक खाता

(C) प्राप्ति एवं भुगतान खाता (D) बैंक अधिविकर्ष

The summary of cash and bank transaction shows

(A) Cash A/c

(B) Bank A/c

(C) Receipts and Payments A/c

(D) Bank overdraft

76. सचिव को मानदेय का भुगतान है

(A) पूँजीगत व्यय (B) आयगत व्यय

(C) आय (D) इनमें से सभी

Payment of honorarium to Secretary is treated as

(A) Capital expenditure (B) Revenue expenditure

(C) An income (D) All of these

77. निम्नलिखित में से कौन-सा एक वर्ष से संबंधित लेन-देन को दर्शाता है ?

(A) प्राप्ति एवं भुगतान खाता (B) आय-व्यय खाता

(C) स्थिति विवरण (D) इनमें से कोई नहीं

Which of the following shows transactions related to one year ?

(A) Receipts and Payments A/c

(B) Income & Expenditure A/c

(C) Balance Sheet

(D) None of these

78. प्रवेश शुल्क होता है

(A) पूँजीगत प्राप्ति (B) आगम प्राप्ति

(C) दान (D) चंदा

Entrance fee is treated as

(A) Capital Receipt (B) Revenue Receipt

(C) Donation (D) Subscription

79. प्रारंभिक चिट्ठा तैयार करने के लिए क्या प्रयोग किया जाता है ?

(A) आय और व्यय खाता (B) प्राप्ति एवं भुगतान खाता

(C) नकद खाता (D) पूँजी खाता

What is used to prepare the opening Balance Sheet ?

(A) Income and Expenditure A/c

(B) Receipts & Payments A/c

(C) Cash A/c

(D) Capital A/c

80. बकाया चंदे को दिखाया जाता है

(A) चिट्ठे में (B) आय–व्यय खाते में

(C) (A) और (B) दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

Outstanding subscription is shown in

(A) Balance Sheet (B) Income & Expenditure A/c

(C) Both (A) and (B) (D) None of these

81. निम्नलिखित में से कौन–सी सम्पत्ति एक नये साझेदार के प्रवेश के समय पर अनिवार्यतः पुनर्मूल्यांकन की जाती है ?

(A) रहतिया (B) स्थाई सम्पत्तियाँ

(C) निवेश (D) ख्याति

Which of the following assets is compulsorily revalued at the time of admission of a new partner ?

(A) Stock (B) Fixed Assets

(C) Investment (D) Goodwill

82. स्थाई सम्पत्ति के मूल्य में कमी कहलाती है

(A) हानि (B) लाभ

(C) ह्रास (D) इनमें से कोई नहीं

Decrease in the value of fixed asset is called as

(A) Loss (B) Profit

(C) Depreciation (D) None of these

83. पुनर्मूल्यांकन खाता एक जैसा होता है

(A) लाभ–हानि समायोजन खाता के (B) लाभ–हानि खाता के

(C) व्यापारिक खाता के (D) वसूली खाता के

Revaluation Account is alike a

(A) Profit and Loss Adjustment A/c

(B) Profit and Loss A/c

(C) Trading A/c

(D) Realisation A/c

84. जब नया साझेदार अपने हिस्से की ख्याति की राशि नकद में नहीं लाता तो उस राशि को डेबिट करेंगे

(A) रोकड़ खाते में (B) प्रीमियम खाते में

(C) नए साझेदार के पूँजी खाते में (D) पुराने साझेदार के पूँजी खाते में

J

When a new partner does not bring his share of goodwill in cash, then the amount is debited to

(A) Cash A/c

(B) Premium A/c

(C) New Partner's Capital A/c

(D) Capital A/c of Old Partners

85. साझेदार के पूँजी खाते को क्रेडिट किया जाता है

(A) पूँजी पर ब्याज से (B) आहरण पर ब्याज से

(C) आहरण से (D) हानि में हिस्सा से

The Partner's Capital Account is credited with

(A) Interest on Capital (B) Interest on Drawings

(C) Drawings (D) Share in Loss

86. संचित लाभ का हस्तांतरण किया जाएगा

(A) वसूली खाते में (B) साझेदारों के पूँजी खाते में

(C) बैंक खाते में (D) लाभ-हानि समायोजन खाते में

The accumulated profits are transferred to

(A) Realisation A/c (B) Partners' Capital A/c

(C) Bank A/c (D) Profit & Loss Appropriation A/c

87. साझेदारी का पुनर्गठन होता है

(A) आवश्यक (B) अनावश्यक

(C) परिस्थिति वश (D) इनमें से कोई नहीं

Reconstitution of partnership is

(A) Necessary (B) Unnecessary

(C) Situational (D) None of these

88. एक नये साझेदार द्वारा ख्याति के लिए लाई गई नकद राशि वर्तमान साझेदारों द्वारा किस अनुपात में बांटी जाती है ?

(A) लाभ विभाजन अनुपात में (B) पूँजी अनुपात में

(C) त्याग अनुपात में (D) पुराने अनुपात में

In which ratio, the cash brought in for goodwill by the new partner is shared by the existing partners ?

(A) Profit sharing ratio (B) Capital ratio

(C) Sacrificing ratio (D) Old ratio

89. हरि, राय और प्रसाद साझेदार हैं तथा उनका लाभ विभाजन अनुपात 3 : 5 : 1 है। राय अब अवकाश चाहता है। उसका हिस्सा प्रसाद ने ले लिया। हरि तथा प्रसाद का नया अनुपात होगा

(A) 2 : 1 (B) 1 : 2

(C) 3 : 5 (D) बराबर

Hari, Roy and Prasad are partners and their profit sharing ratio is 3 : 5 : 1. Roy now wants to retire and his share is taken by Prasad. New ratio of Hari and Prasad will be

(A) 2 : 1 (B) 1 : 2

(C) 3 : 5 (D) Equal

90. *X*, *Y* और *Z*, 3 : 4 : 3 के अनुपात में लाभों का विभाजन करते हैं। *Y* अवकाश ग्रहण करता है और *X* एवं *Z* अपना लाभ समान अनुपात में बाँटते हैं। *X* एवं *Z* का नया अनुपात होगा

(A) 1 : 2 (B) 2 : 1

(C) 3 : 1 (D) 1 : 1

*X*, *Y* and *Z* are partners sharing profit in the ratio of 3 : 4 : 3. *Y* retires and *X* and *Z* share their profits in equal ratio. New ratio of *X* and *Z* will be

(A) 1 : 2 (B) 2 : 1

(C) 3 : 1 (D) 1 : 1

91. अंश के हरण के परिणामस्वरूप घट जाती है

(A) चुकता पूँजी (B) अधिकृत पूँजी

(C) स्थाई सम्पत्तियाँ (D) आरक्षित पूँजी

Forfeiture of share results in the reduction of

(A) Paid-up capital (B) Authorised capital

(C) Fixed assets (D) Reserved capital

92. कम्पनी अपना हस्ताक्षर करती है

(A) सील के माध्यम से (B) मुहर के माध्यम से

(C) (A) और (B) दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

A company signs through

(A) Seal (B) Stamp

(C) Both (A) and (B) (D) None of these

ऋणपत्र भाग होता है

(A) अंश पूँजी का
(B) दीर्घकालीन उधार का
(C) स्वामित्व पूँजी का
(D) इनमें से कोई नहीं

Debenture is the part of

(A) Share capital
(B) Long-term borrowings
(C) Owner's capital
(D) None of these

94. ऋणपत्रधारी होते हैं

(A) कम्पनी के ग्राहक
(B) कम्पनी के लेनदार
(C) कम्पनी के मालिक
(D) इनमें से कोई नहीं

Debenture holders are the

(A) Customers of the company
(B) Creditors of the company
(C) Owners of the company
(D) None of these

95. ऋणपत्र आवेदन खाता किस प्रकृति का होता है ?

(A) वास्तविक खाता
(B) व्यक्तिगत खाता
(C) नाममात्र खाता
(D) इनमें से कोई नहीं

What is the nature of Debenture application account ?

(A) Real A/c
(B) Personal A/c
(C) Nominal A/c
(D) None of these

96. ऋणपत्रों पर देय ब्याज है

(A) कम्पनी के लाभों का एक विनियोजन
(B) सिंकिंग फण्ड में हस्तांतरण
(C) कम्पनी के लाभों के विरुद्ध एक प्रभार
(D) इनमें से कोई नहीं

Interest payable on debentures is

(A) An appropriation of profits of the company
(B) Transfer to sinking fund
(C) A charge against the profit of the company
(D) None of these

97. बैंक से लिए गए ऋण के लिए ऋणपत्रों को सहायक प्रतिभूति के रूप में निर्गमित किए जाने पर किस खाते को डेबिट किया जाएगा ?

(A) बैंक खाता (B) बैंक ऋण खाता

(C) ऋणपत्र खाता (D) ऋणपत्र उचन्त खाता

In case of issue of debentures as a collateral security for the loan taken from the bank, which account will be debited ?

(A) Bank A/c (B) Bank Loan A/c

(C) Debenture A/c (D) Debenture Suspense A/c

98. एक कम्पनी के आर्थिक चिट्ठे में ऋणपत्रों को किस शीर्षक के अंतर्गत दिखाया जाता है ?

(A) असुरक्षित ऋण (B) दीर्घकालीन उधार

(C) चालू दायित्व (D) संचय एवं अधिशेष

In the Balance Sheet of a company, debentures are shown under which head ?

(A) Unsecured loan (B) Long-term borrowings

(C) Current liabilities (D) Reserve & Surplus

99. ऋणपत्रों के निर्गमन पर कटौती को लिखा जाता है

(A) अमूर्त सम्पत्ति के रूप में (B) चालू सम्पत्ति के रूप में

(C) चालू दायित्व के रूप में (D) विविध व्यय के रूप में

Discount on issue of debentures is recorded in the form of

(A) Intangible Asset (B) Current Asset

(C) Current Liabilities (D) Miscellaneous Expenditure

100. ऋणपत्रों के शोधन पर प्रीमियम है

(A) व्यक्तिगत खाता (B) वास्तविक खाता

(C) नाममात्र खाता (D) उचन्ती खाता

Premium on redemption of debenture is a

(A) Personal A/c (B) Real A/c

(C) Nominal A/c (D) Suspense A/c

## खण्ड - ब / SECTION - B

## लघु उत्तरीय प्रश्न / Short Answer Type Questions

*प्रश्न संख्या 1 से 30 तक लघु उत्तरीय हैं। इनमें से किन्हीं 15 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित है।* **15 × 2 = 30**

*Question Nos. 1 to 30 are Short Answer Type. Answer any 15 questions. Each question carries 2 marks.* *15 × 2 = 30*

1. वित्तीय विवरणों के दो उद्देश्य अंकित करें।

   Mention two objectives of financial statements.

2. समान आकार के विवरणों के कोई दो उद्देश्य बतायें।

   State two objectives of common size statement.

3. वित्तीय विवरणों के विश्लेषण से क्या आशय है ?

   What is meant by analysis of financial statements ?

4. किसी साझेदार की मृत्यु पर संपत्तियों एवं दायित्वों का पुनर्मूल्यांकन क्यों किया जाता है ?

   Why are assets and liabilities revalued on the death of a partner ?

5. वसूली खाता कब और क्यों तैयार किया जाता है ?

   When and why is realisation account prepared ?

6. साझेदारी फर्म का अनिवार्य समापन किन दशाओं में होता है ?

   Under what circumstances is a partnership firm compulsorily dissolved ?

7. ख्याति के मूल्यांकन में वर्षों के क्रय की संख्या का क्या अभिप्राय है ?

   What is meant by number of years' purchase at the time of valuation of goodwill ?

8. ख्याति के मूल्यांकन की दशाओं को बतायें।

   State the conditions for valuation of goodwill.

9. त्याग अनुपात तथा लाभ प्राप्ति अनुपात में कोई दो अंतर लिखें।

   Write any two points of difference between sacrificing ratio and gaining ratio.

10. प्रवृत्ति विश्लेषण क्या है ?

    What is trend analysis ?

11. समान आकार के विवरण से आप क्या समझते हैं ?

    What do you understand by common size statement ?

12. अनुपात विश्लेषण के दो उद्देश्यों को बतायें।

State two objectives of ratio analysis.

13. अंश एवं ऋणपत्र में कोई दो अन्तर करें।

Differentiate between shares and debentures on any two points.

14. ऋणपत्र शोधन की एकमुश्त भुगतान पद्धति क्या है ?

What is lumpsum payment method of redemption of debenture ?

15. ऋणपत्रों के शोधन से क्या आशय है ?

What is meant by redemption of debentures ?

16. लाभ-प्राप्ति अनुपात ज्ञात करने का सूत्र लिखें।

Write the formula of calculating gaining ratio.

17. $X$ और $Y$ साझेदार हैं। वे 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि विभाजित करते हैं। उन्होंने $Z$ को भविष्य के लाभों में $\frac{1}{4}$ हिस्से के लिए प्रवेश दिया। नया लाभ विभाजन अनुपात ज्ञात करें।

$X$ and $Y$ are partners. They share profits and losses in the ratio of 2 : 1. They admit $Z$ into partnership by giving $\frac{1}{4}$ th share in future profits. Calculate the new profit sharing ratio.

18. संचित लाभ किसे कहते हैं ?

What is called accumulated profit ?

19. पूँजी निधि की गणना किस प्रकार की जाती है ?

How is Capital Fund calculated ?

20. लाभों पर प्रभार तथा लाभों के बंटवारे में अन्तर करें।

Distinguish between charge against profit and appropriation of profit.

21. साझेदारी संलेख क्या है ?

What is partnership deed ?

22. $X$, $Y$ और $Z$ किसी फर्म में 3 : 2 : 2 के अनुपात में लाभ बाँटते हुए साझेदार हैं। $Y$ अवकाश ग्रहण करता है। $X$ और $Z$ भविष्य में 4 : 3 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटने का निर्णय लेते हैं। लाभ प्राप्ति अनुपात ज्ञात करें।

$X$, $Y$ and $Z$ are partners sharing profit in the ratio of 3 : 2 : 2. $Y$ retires. $X$ and $Z$ decide to share profit in future in the ratio of 4 : 3. Calculate gaining ratio.

23. संयुक्त जीवन बीमा पॉलिसी क्या है ?

What is joint life policy ?

24. मृत साझेदार के पूँजी खाते में डेबिट किए जाने वाले मदों को बतायें।

State the items which are debited to deceased partner's capital account.

25. कोई दो शोधन क्षमता अनुपातों के नाम बतायें।

Name any two solvency ratios.

26. रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार करने के क्या उद्देश्य हैं ?

What are the objectives of preparing Cash Flow Statement ?

27. विनियोग संबंधी क्रियाओं से रोकड़ बहिर्वाह के दो उदाहरण दें।

Give two examples of cash outflow from investing activities.

28. स्वेट समता अंश का क्या अर्थ है ?

What is Sweat equity share ?

29. कंपनी अंशों का हरण क्यों करती है ?

Why does company forfeit shares ?

30. शोधन ऋणपत्र क्या है ?

What is Redeemable Debenture ?

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न / Long Answer Type Questions

**प्रश्न संख्या 31 से 38 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किन्हीं 4 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 5 अंक निर्धारित है। $4 \times 5 = 20$**

*Question Nos. 31 to 38 are Long Answer Type. Answer any 4 questions. Each question carries 5 marks.* $4 \times 5 = 20$

31. प्राप्ति और भुगतान खाता क्या है ? यह आय-व्यय खाता से किस प्रकार भिन्न है ?

What is Receipts and Payments Account ? How is it different from Income and Expenditure Account ?

32. साझेदारी फर्म क्या है ? इसकी मुख्य विशेषताएँ बतायें।

What is partnership firm ? State its main characteristics.

33. तुलनात्मक आय विवरण से क्या आशय है ? यह किस प्रकार तैयार किया जाता है ?

What is meant by comparative income statement ? How is it prepared ?

34. रोकड़ प्रवाह विवरण क्या है ? इसके उपयोग का वर्णन करें।

What is Cash Flow Statement ? Describe its uses.

35. सौरभ, मोहित तथा निखिल की फर्म की कुल पूँजी 1,00,000 रु० है। पिछले तीन वर्षों का शुद्ध लाभ 2019-20, 40,000 रु० ; 2020-21, 46,000 रु० तथा 2021-22, 52,000 रु० था। 2020-21 में 3,000 रु० की असामान्य हानि हुई। फर्म की ख्याति का मूल्यांकन पिछले तीन वर्षों के औसत लाभ के दो वर्षों के क्रय पर करना था। फर्म की ख्याति की गणना करें।

The total capital of the firm of Sourabh, Mohit and Nikhil was Rs. 1,00,000. The net profits for the last three years were : 2019-20 Rs. 40,000 ; 2020-21 Rs. 46,000 and 2021-22 Rs. 52,000. There was an abnormal loss of Rs. 3,000 in 2020-21. Goodwill of the firm was to be valued at 2 years' purchase of the average profit of last three years. Calculate the goodwill of the firm.

36. *A* और *B* के एक फर्म के विघटन पर निम्नलिखित लेनदेनों के लिए क्या रोजनामचा प्रविष्टियाँ की जाएँगी ?

i) विघटन व्यय 500 रु० हुई।

ii) गैर-लिखित संपत्तियों से 2,500 रु० की वसूली हुई।

iii) 2,000 रु० का रहतिया, जिसे पहले ही वसूली खाता में हस्तांतरित कर दिया गया था, एक साझेदार *A* के द्वारा ले लिया गया।

iv) लेनदारों को, जो पहले ही वसूली खाता में हस्तांतरित हो चुका है, 3,000 रु० चुकाया गया।

v) वसूली पर 4,000 रु० के लाभ को *A* और *B* में 3 : 1 के अनुपात में बाँटा जाना है।

What journal entries would you pass for the following transactions on the dissolution of a firm of *A* and *B* ?

i) Dissolution expenses amounted to Rs. 500.

ii) Unrecorded assets realised Rs. 2,500.

iii) Stock worth Rs. 2,000 already transferred to realisation account was taken over by a partner *A*.

iv) Creditors, already transferred to realisation account were paid Rs. 3,000.

v) Profit on realisation Rs. 4,000 is to be distributed between *A* and *B* in the ratio of 3 : 1.

37. सीमटो लिमिटेड ने 10 रु० प्रति अंश के 6,000 अंशों को जो 2 रु० प्रति अंश प्रीमियम पर निर्गमित किए गए थे, 3 रु० प्रति अंश की अंतिम याचना राशि का भुगतान न करने पर हरण कर लिया। हरण किए गए अंशों में से 300 अंशों को 8 रु० प्रति अंश पूर्ण प्रदत्त पुनर्निर्गमित कर दिया गया। अंशों के हरण तथा पुनर्निर्गमन की आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। साथ ही अंश हरण खाता भी तैयार कीजिए।

Cemto Ltd. forfeited 6,000 shares of Rs. 10 each issued at a premium of Rs. 2 per share for the non-payment of final call of Rs. 3 per share. 300 of the forfeited shares were re-issued for Rs. 8 per share as fully paid up. Pass necessary journal entries for the forfeiture and re-issue of shares. Also prepare share forfeited account.

38. *A* लिमिटेड निम्न सूचना प्रदान करती है :

| | | रु० |
|---|---|---|
| i) | अंतिम रहतिया | 1,00,000 |
| ii) | लेनदार | 86,000 |
| iii) | रोकड़ | 20,000 |
| iv) | प्राप्य बिल | 18,000 |
| v) | बिक्री | 6,00,000 |
| vi) | स्थायी सम्पत्तियाँ | 1,20,000 |
| vii) | बैंक | 42,000 |
| viii) | अधिविकर्ष | 34,000 |

आपको निम्न अनुपातों की गणना करनी है :

(a) चालू अनुपात, (b) शीघ्र अनुपात, (c) स्टॉक आवर्तन अनुपात, (d) स्थाई सम्पत्ति आवर्तन अनुपात।

A Ltd. provides the following information :

| | | Rs. |
|---|---|---|
| i) | Closing Stock | 1,00,000 |
| ii) | Creditors | 86,000 |
| iii) | Cash | 20,000 |
| iv) | Bills Receivable | 18,000 |
| v) | Sales | 6,00,000 |
| vi) | Fixed Assets | 1,20,000 |
| vii) | Bank | 42,000 |
| viii) | Overdraft | 34,000 |

You are required to calculate the following ratios :

(a) Current Ratio, (b) Quick Ratio, (c) Stock Turnover Ratio, (d) Fixed Asset Turnover Ratio.